## राष्ट्रीय जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तर पर गठित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 07.06.2021 को सम्पन्न हुयी बैठक का कार्यवृत्त

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन हरदोई की बैठक दिनांक 07.06.2021 को अपरान्ह 03:30 बजे जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, बैठक में निम्न अधिकारी/सदस्यगण उपस्थिति रहे :-

1. जिलाधिकारी हरदोई।
2. मुख्य विकास अधिकारी हरदोई।
3. जिला विकास अधिकारी, हरदोई।
4. बेसिक शिक्षा अधिकारी, हरदोई।
5. जिला वन अधिकारी, हरदोई।
6. जिला कृषि अधिकारी, हरदोई।
7. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम, हरदोई।
8. सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई हरदोई।
9. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, द्वारा अवगत कराया गया, कि भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित जल जीवन मिशन के अन्तर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा जनपद हरदोई हेतु अनुबंधित फर्म मै0 एन0सी0सी0 प्रा0 लि0 हैदराबाद को कुल 406 राजस्व ग्रामों की सूची डी0पी0आर0 विरचन हेतु उपलब्ध करायी गयी थी। तत्क्रम में फर्म को विभिन्न पत्रों 698/का-70/41-दिनांक 15.03.2021, 826/का-27/60 दिनांक 23.03.2021 एवं 836/का-27/60 दिनांक 25.03.2021 द्वारा डी0पी0आर0 विरचन हेतु निर्देशित किया गया, जिसके अनुक्रम में संबंधित फर्म द्वारा मात्र 13 राजस्व ग्रामों के पाइप पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 प्रस्तुत किये गये है। एन0सी0सी0, लि0 द्वारा प्रस्तुत डी0पी0आर0 का तकनीकी परीक्षण राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (एस0डब्लू0एस0एम) तथा जल निगम की गाइड लाइन के अनुसार उ0प्र0 जल निगम, हरदोई द्वारा कर लिया गया है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, द्वारा अवगत कराया गया, कि उपरोक्त आगणन राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (एस0डब्लू0एस0एम0) द्वारा दी गयी गाइड लाइन में योजना हेतु प्रति व्यक्ति लागत रू0 6000.00 निर्धारित की गयी है। प्रस्तुत 13 नग डी0पी0आर0 में प्रति व्यक्ति लागत रू0 6000.00 से कम है। डी0पी0आर0 के अन्तर्गत कार्य लागत में 2 प्रतिशत कन्टीजेन्सी, 12.50 प्रतिशत विभागीय सेन्टेज तथा 12 प्रतिशत जी0एस0टी को सम्मिलित किया गया है, जो गाइड लाइन के अनुरूप है। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (एस0डब्लू0एस0एम0) द्वारा दी गई गाइड लाइन के अनुसार 12.5 प्रतिशत सेन्टेज व्यय को राज्यांश में प्राविधानित किया गया है। फर्म द्वारा प्रस्तुत किये गये डी0पी0आर0 का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र0सं0 | विकास खण्ड | योजना का नाम | कुल लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 8 |
| 1 | अहिरोरी | एकघरा मझोला | 349.82 |
| 2 | सुरसा | वन्नापुर | 443.34 |
| 3 | सुरसा | ओरंगपुर | 467.90 |
| 4 | टडियावां | निवुआई | 314.14 |
| 5 | अहिरोरी | पालपुर बैरागीखेड़ा | 426.51 |
| 6 | सुरसा | सुरसा | 328.91 |
| 7 | बावन | मझरेटा | 480.93 |
| 8 | बावन | फूलबेहटा | 329.25 |
| 9 | बावन | बलेहरा | 340.50 |
| 10 | सुरसा | बेहलावां | 392.86 |
| 11 | सुरसा | दलेलपुर | 374.30 |
| 12 | सुरसा | घोसार | 306.36 |
| 13 | अहिरोरी | गोरदाघर | 456.01 |

अतः जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा उक्त 13 नग परियोजनाओं को स्वीकृत हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम,

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता
जल निगम
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
हरदोई।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, हरदोई।

पत्रांक :- 1081 /का-70/ 99 दिनांक 8/6/2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. समस्त सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन हरदोई।
2. जिला विकास अधिकारी, हरदोई।
3. मुख्य विकास अधिकारी, महोदया, हरदोई।
4. जिलाधिकारी महोदय, हरदोई।
5. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, 6-राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।

07/06/2021

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता
जल निगम
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
हरदोई।